एफ सं.37-02/2016-प्रशा.II(ए)

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड
नई दिल्ली, 19 अक्टूबर, 2016

सूचना

नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार "जैसा है जहाँ है" आधार पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली के सरकारी वाहन की बिक्री के लिए अनुलग्नक के अनुसार प्रोफॉर्मा में भारत के नागरिकों/फर्मों से मुहरबंद आवरण में वित्तीय बोली आमंत्रित की जाती है:

क्रम सं.	पंजीकरण सं.	मेक/मॉडल	बयाना जमा (ईएमडी) (रू में)
1	डीएल3सीएजे-4025	टाटा इंडिगो नवम्बर, 2004	3500 रू.
2	डीएल3सीएए-0505	टाटा इंडिगो सितम्बर, 2003	3500 रू.
3	डीएल1सीई-9326	बजाज 3-व्हीलर	1000 रू.

2. **समय सारणी**

(i) उपर्युक्त वाहनों की खरीद के इच्छुक फर्म/व्यक्ति **टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली में दिनांक** 20.10.2016 **से** 03.11.2016 **तक** 04:00 **बजे अपराह्न से लेकर** 05:00 **बजे अपराह्न** तक उन वाहनों का निरीक्षण कर सकते हैं।

(ii) बोली प्राप्त करने की अंतिम तारीख एवं समय : 4 नवम्बर, 2016 को 03.00 बजे अपराह्न तक।

(iii) बोली को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली-110016 के प्रवेश द्वार के समीप स्वागत कक्ष के पास रखे गए प्रशा.II(ए) अनुभाग के टेंडर बॉक्स में डाला जाना चाहिए। बोली दस्तावेज के आवरण पर निश्चित रूप से **"वाहनों की बिक्री के लिए बोली"** लिखा हुआ होना चाहिए।

(iv) अंतिम तारीख एवं समय तक प्राप्त बोली को उसी दिन अर्थात् **दिनांक** 04.11.2016 **के** 04:00 **बजे अपराह्न में रमन सभागार, टेक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली** में खोला जाएगा।

3. **निबंधन एवं शर्तें**

i. **डीडीओ, डीएसटी के पक्ष में आहरित डीमाण्ड ड्राफ्ट जो नई दिल्ली** में भुगतेय हो, के रूप में प्रत्येक वाहन के लिए उपर में यथा विनिर्दिष्ट ईएमडी राशि बोली के साथ संलग्न होनी चाहिए। बिना ईएमडी अथवा किसी अन्य रूप में अर्थात् चेक अथवा नकद आदि की बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।

ii. बोलीदाता को वाहन जिसके लिए बोलीदाता बोली लगाने के इच्छुक हैं, की ईएमडी के संयोजन के अनुसार ईएमडी राशि जमा करनी होती है। उदाहरण स्वरूप, यदि बोलीदाता क्रम सं. 1 और 3 में उल्लिखित वाहन के लिए बोली प्रस्तुत करने के इच्छुक हैं तभी उसे ईएमडी राशि के रूप में 4500 रू. जमा करने की आवश्यकता है।

iii. सफल बोलीदाता को विभाग द्वारा बोली स्वीकार करने की **तारीख से 5 कार्य दिवसों के भीतर डीडीओ, डीएसटी के पक्ष में आहरित नकद/डीडी, जो नई दिल्ली में भुगतेय हो**, के माध्यम से बोली की राशि जमा करनी होगी।

iv, सफल बोलीदाता की बयाना राशि रिलीज की जाएगी और बिके हुए वाहन की सुपुर्दगी सफल बोलीदाता की आवासीय स्थिति के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य अर्थात् आधार/मतदाता पहचान पत्र/व्यक्ति के मामले में पासपोर्ट और फर्म आदि के मामले में पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता बोली का अनुपालन नहीं करता है तो बयाना राशि समाप्त हो जाएगी।

v. सफल बोलीदाता को अंतिम भुगतान के तीन दिनों के भीतर अपने खर्च पर वाहनों को हटाना होगा, ऐसा नहीं करने पर चूककर्ता के जोखिम एवं लागत पर वाहन की पुनः बिक्री की जाएगी।

vi. वाहन की बिक्री "जैसा है जहाँ है" आधार पर की जाएगी और विभाग द्वारा इसके औचित्य अथवा गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं दी जाएगी।

vii. सफल बोलीदाता तुरंत अपने खर्च पर वाहन के पंजीकरण प्रमाण-पत्र को अपने नाम पर हस्तांतरित कराने के लिए भी जिम्मेदार होंगे। विभाग इस संबंध में उसकी ओर से किसी चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

viii. अधोहस्ताक्षरी को इसका कोई कारण बताए कोई/सभी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार है।

(पवन शर्मा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 011-26590538

प्रति प्रेषित:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. वेबसाइट पर इसे प्रदर्शित करने के लिए एनआईसी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
3. सूचना पट्ट

अनुलग्नक

वाहन की बिक्री के लिए दरें प्रस्तुत करने हेतु प्रारूप

बयाना राशि	रू. (संख्या में) रू. (शब्दों में)
ईएमडी डिमाडं ड्राफ्ट संबंधी विवरण	डीडी सं.
	दिनांक
	बैंक
	शाखा
बोलीदाता का नाम	
पता*	
टेलीफोन नबंर	

*** पता पूरा होना चाहिए और साथ में कोई प्रमाण (आधारकार्ड, पंजीकरण प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान-पत्र की सत्यापित प्रतियां) संलग्न होना चाहिए। दिए गए पते पर बोली दाता पत्र प्राप्त करने के लिए हमेशा उपलब्ध होना चाहिए।**

मैं/हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा बिक्री के लिए प्रस्तुत स्टाफ कार/तिपहिया वाहन के लिए अपनी/हमारी उच्चतम बोली प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं।

क्रम सं.	पंजीकरण सं.	प्रकार/मॉडल	प्रस्तुत राशि
1	डीएल 3 सीएजे-4025	टाटा इण्डिगो नवंबर, 2004	
2	डीएल3सीएए-0505	टाटा इण्डिगो सितंबर, 2003	
3	डीएल1सीई-9326	बजाज तिपहिया	

2. मैंने/ हमने प्रस्ताव संबंधी निबंधन और शर्तों को विशेष रूप से बयाना राशि के संबंध में सावधानी पूर्वक पढ़ लिया है और इसका अक्षरशः पालन करने के लिए सहमत हूँ/ हैं। प्रस्ताव से संबंधित किसी भी विवाद के संबंध में उप सचिव, भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का निर्णय मुझ/ हम पर बाध्यकारी होगा।

3. निविदा पूछताछ पत्र सं. 37-02/2016-प्रशा. II (ए) दिनांक 19.10.2016 में यथा निर्धारित निबंधन और शर्तों, जो मेरे/ हमारे सफल बोली दाता घोषित होने पर मेरे/ हमारे और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के बीच करार होगा, का यदि मैं/ हम पूर्णतः अथवा अंशत् रूप से अनुपालन करने में असफल हो जाता/जाते हैं तो मैं/हम बयाना राशि जब्त करने के लिए सहमत हूँ।

4. मैं/हम एतद्द्वारा वचन देता हूँ/ देते हैं कि वाहन (नों) का उपयोग केवल वास्तविक/ विधिसंगत रूप से किया जाएगा।

स्थान:

दिनांक:

हस्ताक्षर

नाम और पूरा पता